**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 16 फ़रवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत न केवल भविष्य के बारे में वैश्विक विचार विमर्श का केन्द्र है बल्कि इन चर्चाओं का नेतृत्व भी कर रहा है। नई दिल्ली में कल एक मीडिया हाउस में आयोजित बैठक में श्री मोदी ने कहा कि भारत को विश्व में एक ऐसा स्थान मिला हुआ है जो पहले कभी नहीं था। उन्होंने कहा कि देश में और वैश्विक मंच पर लोगों में भारत का विश्वास पहले से कहीं अधिक मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत वर्ष 2014 से तेज विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मात्र एक दशक में भारत विश्व की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है। श्री मोदी ने कहा

विकसित भारत का स्पीड ऑफ डेवलपमेंट क्या होता है, ये भी आप देख रहे हैं। सिर्फ एक दशक में भारत टॉप फाइव इकोनॉमी में आ गया और साथियों में पूरी जिम्मेदारी से कह रहा हूं अब अगले कुछ सालों में ही आप भारत को दुनिया की थर्ड लार्जेस्ट इकोनामी बनते देखेंगे। एक युवा देश को यही स्पीड चाहिए और आज इसी स्पीड से भारत चल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार ने कारोबार को आसान कर दिया है। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार विकसित भारत बनने की यात्रा में निजी क्षेत्र को महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में देखती है।

****************************************************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कल शाम एक भगदड़ में 15 लोगों की मृत्यु  पर दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि उनकी संवेदनाएं इस घटना में मारे गए लोगों के परिजनों के साथ हैं। श्री मोदी ने कहा है कि अधिकारी भगदड़ से प्रभावित लोगों को सभी तरह की सहायता प्रदान कर रहे हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि रेलवे स्टेशन पर स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ में जाने वाले यात्रियों के लिए चार विशेष रेलगाड़ियां तत्काल चलाई गई हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि उन्होंने इस घटना को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना और अन्य संबंधित अधिकारियों से बात की है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को हर संभव मदद करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी भगदड़ में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। श्री राजनाथ सिंह ने  कहा कि उन्हें इस घटना पर बहुत दुख है और वे घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

**************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि कृषि ट्रैक्टरों के केंद्रीय मोटर वाहन नियम के प्रमाणीकरण का प्रमाण पत्र हिसार के उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान से लिया जा सकता है, इससे उत्तर भारत में कृषि जगत से जुड़े निर्माताओं को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री कल हिसार के उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान में तीन दिवसीय कृषि दर्शन प्रदर्शनी का शुभारम्भ करने के बाद किसानो और कृषि जगत से जुड़े अन्य लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान में कस्टम हायरिंग सेंटर का उद्घाटन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा:

उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी हरियाणा सरकार के कृषि मशीनरीकरण अभियान को नई गति देने तथा किसानों को उन्नत कृषि की नई तकनीकों की जानकारी देने में सहायक सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कृषि यंत्र निर्माताओं से किसानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किफायती कृषि उपकरण विकसित करने का आग्रह किया। इसके लिए नवाचार की महत्ता पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्य कृषि अभियंता और निर्माता मिलकर कर सकते हैं।

***********************************************************

हरियाणा विधानसभा द्वारा चंडीगढ़ में आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम कल संपन्न हो गया। अंतिम दिन राज्य सभा के उप-सभापति हरिवंश, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, गुजरात विधान सभा अध्यक्ष शंकर भाई चौधरी, हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, हरियाणा सरकार में संसदीय कार्य मंत्री महिपाल □ांडा और पूर्व सांसद डॉ.सत्यपाल सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित किया और पहली बार चुन कर आए विधायकों को बेहतरीन विधायक बनने के मूल मंत्र दिए। प्रबोधन कार्यक्रम में राज्यसभा के संयुक्त सचिव डॉ. राघव प्रसाद दास, लोकसभा के पूर्व संयुक्त सचिव रविन्द्र गारिमेला, केंद्रीय संसदीय मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव डॉ. सत्यप्रकाश ने भी विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। समापन समारोह को संबोधित करते हुए विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि दो दिन में बहुत से संवाद हुए हैं। इस दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि जनप्रतिनिधियों का आचरण कैसा होना चाहिए। उन्होंने उत्तर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना द्वारा दिए उदाहरण का उल्लेख करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों का आचरण मर्यादा के अनुसार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमों के हिसाब से अपनी बात रखनी चाहिए। श्री कल्याण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वन नेशन-वन लेजिस्लेशन का सपना देखा है। इससे देश के संसदीय तंत्र में गुणात्मक सुधार होगा। डिजिटल प्लेटफार्म विकसित होने से सभी प्रदेश एक दूसरे के विधायी कामकाज की जानकारी आपस में साझा कर सकेंगे।

**************************************************************

**प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट [newsonair.gov.in](newsonair.gov.in) पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।**

**************************************************************